# मीडिया समझौता नहीं समझदारी है


ब्र.कु. शिवानी, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

आज हम एक ऐसे मीडिया की कहानी आपको सुनाते हैं जो स्वास्थपरक भी है, मन को भी भायेगी, मन को मनोरंजन भी देगी और आपको वो सुख देगी जो हमने सपने में भी नहीं सोचा होगा, वो है यज्ञ के प्रथम पुरुष, प्रथम मीडिया प्रजापिता ब्रह्मा बाबा, जिसकी कहानी सुनने के बाद लगता है कि परमात्मा ने इनको ही मीडिया(माध्यम) क्यों बनाया! हमारे इस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नींव का आधार दृढ़ता और श्रेष्ठ संकल्प की शक्ति है। तो आज जब हम इस विशाल यज्ञ के प्रांगण को देख रहे हैं, कि कैसे बना होगा ये! अगर आप ब्रह्मा बाबा की कहानी सुनेंगे तो ब्रह्मा बाबा ने कितना सहन किया। जब इस संस्था का आरंभ हुआ इतना सहन किया,इतना सहन किया लेकिन सत्य के रास्ते पर, सही मार्ग पर कोम्प्रोमाईज़(समझौता) नहीं किया। उस एक आत्मा की दृढ़ता की शक्ति की वजह से आज हम सारे विश्व में फैल चुके हैं। सिर्फ एक आत्मा की शक्ति की वजह से। वो आत्मा अगर कहती कि नहीं मैं अकेला क्या कर सकता हूं! बाकी सब तो कोई मुझे सपोर्ट(सहयोग) नहीं कर रहे हैं। तो वो आज न उसे कर पाते, न आज हम सब अपना जीवन संवार पाते। हमेशा परिवर्तन एक से ही शुरु होता है। और जो एक उस परिवर्तन के निमित्त बनता है वो अनेकों की दुआयें कमाने के पात्र बन जाता है। हम कितना धन कमाते हैं उससे ज्यादा ज़रूरी होता है कि हम कैसे धन कमाते हैं। उसमें लोगों की कौन-सी एनर्जी लगी हुई है। तो हमें यह पक्का करना है कि मेरी सेवा अर्थात् मेरा जो रोल है वो भारत देश का संस्कार ला रहा है और संस्कार से भारत देश का संसार बन रहा है। अगर मैं एक आत्मा परिवर्तन कर लूं तो मेरे परिवर्तन से देश का परिवर्तन प्रारम्भ हो चुका है। मुझे यह नहीं सोचना कि बाकी सब मेरा कितना मज़ाक उड़ाते हैं या मेरी कितनी निंदा करते हैं। मुझे सिर्फ यह चेक करना है। मुझ एक का कर्म श्रेष्ठ होना चाहिए, सबको सुख देने वाला होना चाहिए, देश और विश्व के कल्याण के लिए होना चाहिए। अगर मेरा वो इंटेंशन(इरादा) होगा, जब मेरा वो कर्म होगा तो मेरा तो कल्याण समाया हुआ ही है उसमें, लेकिन उसमें करोड़ों लोगों का कल्याण भी समाया हुआ है। ऐसी शक्तिशाली आत्मायें हो कि आपका एक श्रेष्ठ कर्म देश का भाग्य बदलता है। तो अपने कर्मों पर हम थोड़ा-सा अटेन्शन रखेंगे। जो सब कर रहे हैं हम वो नहीं करेंगे, जो सही है वो करेंगे। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि हमेशा यह सोचना कि परमात्मा आप मेरे साथ हैं।

परमात्मा कहते हैं कि हिम्मत आपकी, अटेन्शन आपका, हिम्मत का एक कदम आप रखिये पदम गुणा मदद मेरी पक्की है। यह परमात्मा का वायदा है। हमें बस वो हिम्मत का एक कदम रखना है क्योंकि मीडिया मन का मनोरंजन करने वाला है। मीडिया ही सब कुछ करने वाला है। तो मीडिया जिम्मेवार भी है इस ज़िम्मेवारी को पक्का करते हुए, इस लक्ष्य को रखते हुए कि हमारे शब्दों में, भाषा में सिर्फ सम्मान ही नहीं श्रेष्ठता भी हो तो हमारे शब्दों से, इन संस्कारों से हमारे वायब्रेशन से हमें स्वर्णिम भारत लाना ही लाना है। यह हमारा खुद से, देश से और परमात्मा से वायदा है।


भरतपुर-राज.। माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भरतपुर में आने पर गुलदस्ता एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर उनका स्वागत करते हुए ब्र.कु. कविता बहन एवं ब्र.कु. बबिता बहन।


मैनपुरी-उ.प्र.। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अवंती बहन। महामण्डलेश्वर श्री श्री 108 हरिहरानंद जी तथा अन्य गणमान्य लोग इस मौके पर उपस्थित रहे।


जयपुर-सोडाला(राज.)। एसएचओ एवं महिला इंस्पेक्टर को रक्षासूत्र बांधने के पश्चात् उनके साथ हैं ब्र.कु. राखी बहन व ब्र.कु. पूजा बहन।


पुखरायां-उ.प्र.। महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में जिला अधिकारी श्रीमति नेहा जैन व उनके पति धीरज जैन, भोगनीपुर उप जिला अधिकारी अजय राय, उप जिला अधिकारी समाजसेवी रेणुका सचान, स्वर्ण लता गोयल, चेतना अग्रवाल आदि अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. ममता बहन।


मोतिहारी-बिहार। नगर के आदर्श होटल में आयुर्वेद कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. दीप नारायण मिश्र की स्मृति में आयोजित सेमिनार एवं चरक सम्मान समारोह 2022 में अध्यात्म और समाधान आधारित पत्रकारिता के लिए ब्र.कु. अशोक वर्मा को डॉ. आलोक मिश्र एवं अतिथियों के हस्तों से 'चरक सम्मान 2022' से सम्मानित किया गया।


सूरतगढ़-राज.। शिक्षक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समूह चित्र में माता जीतो जी महाविद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमति मोहिनी देवी, डॉ. इंदिरा मलिक, ब्र.कु. वर्षा बहन, ब्र.कु. रानी बहन तथा समस्त शिक्षकगण।


सम्बलपुर-ओडिशा। ब्रह्माकुमारीज के शिव दर्शन भवन में आयोजित "खुशनुमा जीवन जीने की कला" कार्यक्रम में बुर्ला मेडिकल कॉलेज की डीन व प्रिंसिपल बहन जयश्री दोरा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए युवा प्रभाग की उप प्रभारी राजयोगिनी ब्र.कु.चंद्रिका दीदी। साथ हैं ब्र.कु.पार्वती दीदी।


ब्रह्मपुर-पीयूआरसी(ओडिशा)। सेवाकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में खलिकोट विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रफुल्ल कुमार मोहंती एवं ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर बहन गीतांजलि दास को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. मंजू बहन एवं ब्र.कु. माला बहन।


जयपुर-सांगानेर(राज.)। शिक्षक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ उपसेवाकेन्द्र में शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समूह चित्र में मालपुरा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. जीत बहन, आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण अग्रवाल, स्थानीय उप सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. पूजा बहन तथा बड़ी संख्या में समस्त शिक्षकगण।


नरवाना-हरियाणा। सिविल जज नवीन कुमार को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. ममता बहन। साथ है ब्र.कु. रेणु बहन।


शेखपुरा-बिहार। शिक्षक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल रघुवेंद्र प्रसाद, ब्र.कु. पिंकी बहन, शिक्षकगण तथा सौ से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।


फैजाबाद-अयोध्या(उ.प्र.)। मणि राम दास छावनी के श्री कमल नयन दास जी महाराज को रक्षासूत्र बांधने के पश्चात् ईश्वरीय साहित्य एवं प्रसाद देते हुए ब्र.कु. शशि दीदी।


समस्तीपुर-बिहार। विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए जिला परिषद् अध्यक्षा बहन खुशबू कुमारी। मंचासीन हैं बिहार आईएमए के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. सिंह, राज्य कर के संयुक्त आयुक्त प्रमोद कुमार, डॉ. अमृता, ब्र.कु. कृष्ण भाई, ब्र.कु. आशा बहन, सतीश चांदना एवं डॉ. दशरथ तिवारी।


फरीदाबाद से.21डी-हरियाणा। मेयर सुमन बाला को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. प्रीति बहन एवं ब्र.कु. रंजना बहन।